# चारवाहों ने जरूरतमन्दो की सेवा के लिए छोटे पादरी नियुक्त किए।

## मसीह कलीसिया में दो प्रकार के सेवक होते है: सेवक और सेविकाएं जैसे स्तेफनस और फीबे

जो बच्चो को पढ़ाते है वह डी 1 बी का अध्ययन करें।

**प्रार्थना:** प्रभु यीशु, छोटे पादरियो को अपने शरीर मे बढ़ाएँ और उनको नियुक्त करने में हमारी सहायता करें और जैसे वह जरूरतमन्दो की सेवा करते हैं उनको प्रोत्साहित करें।

1. **परमेश्ववर के वचन के द्वारा छोटे पादरियो को नियुक्त करे और उनको प्रोत्साहित करें।**

**प्रेरितो के काम 6:1-6** *(उत्तर पीछे में है)*

- छोटे पादरी और बड़े पादरी का मुख्य काम

*(बड़े पादरी प्रभु के वचन की सेवा देते है, छोटे पादरी व्यवहार में लाने वाली जरूरतो को पूरा करते है)*

- विश्वासी कैसे छोटे पादरी के पद पर नियुक्त होता है।

*(कलिसिया उसको चुनती है और अगुवे उस पर हाथ रखते है)*

**रोमियो 16:1-2** में ढूंढे प्रेरित छोटे पादरी के बारे में क्या सोचते है....

- क्या महिला छोटी पादरिन बन सकती है *(पद 1)*
- फीबे को किस प्रकार का सम्मान प्राप्त था *(पद 2)*

**फिलिप्पियों अध्याय 1:1-2** में ढूंढें, फिलिप्पी के गिरजाघर में दो प्रकार के सेवक होते थे *(बड़े और छोटे पादरी)*

**1 तिमुथियुस 3:8-13 में ढूंढें**

- छोटा पादरी चुनने के लिए कुछ योग्यताएं *(पद 8-11)*
- छोटे पादरी की सेवा के लिए कुछ पारितोषिक *(पद 12-13)*

**1 पतरस 4:8-11 में ढूढें**

- आत्मिक दान की दो श्रेणिया *(बोलना और सेवा)*
- छोटे पादरियो के यीशु की कौनसी आज्ञा मानना *(प्रेम)*
- जो छोटे पादरी के रूप में सेवा करता है, प्रभु उसे क्या देता है (आशीष और शक्ति)

2. **अपने सहकर्मी के साथ छोटे पादरी को नियुक्त करने और प्रोत्साहित करने की योजना बनाए।**

अपने साथी के साथ प्रार्थना करें कि परमेश्वर छोटे पादरी को उठाए जो जरूरतमन्दो की सेवा, परमेश्वर से आनंद और सामर्थ प्राप्त करे।

विश्वासियो और अपने समाज की आवश्यकताओ को परखो जो आपकी कलिसिया द्वारा हो सकते है।

अगर आपने किसी विश्वासी से शिकायत सुनी, आपस में बातचीत करें कि समस्या का क्या हल हो सकता है और कौन सहायता करेगा।

आप कलिसिया में जो व्यवहारिक काम करते है उसके बारे में बातचीत करे जैसे आप और, आपका सहकर्मी बहुत व्यस्त है बाइबल सीखने में, सारे विश्वासियो के प्रार्थना में और यह सोचिए कि आप कलिसिया की बढ़ोत्तरी के लिए कैसे मदद कर सकते है।

उन विश्वासियो के बारे में बात करें जिनके पास ईश्वरीय शक्ति और प्रेम है, दुसरों की मदद के लिए।

उन विश्वासियो के नाम से प्रार्थना करो। उन विश्वासियो से सम्पर्क करें, और बात करें उनके दर्शन के बारे में कि वह विश्वासियो तथा समाज के सदस्यो की मदद के लिए क्या कर सकते है।

**सावधान रहें:** कभी भी यह योजना नहीं बनाए कि विश्वासी आपके बगीचे या व्यवसाय में बिना वेतन काम करे।

**3. अपने सहकर्मी के साथ आने वाली प्रार्थनाओं का समय बनाए।**

**प्रेरितों के काम 6:1-6** में पहले छोटे पादरी की कहानी बताएँ।

बच्चे बड़ों के लिए लघु नाटक करे और सवाल पूछें।

विश्वासियो के साथ नए नियम की शिक्षाए छोटे पादरियो के लिए जो जरूरतमन्दो की सेवा करते हैं, भाग एक के पदों से पुनर्विचार करो।

**प्रेरितो के काम अध्याय 9:36-42** में दोरकास की कहानी बताएँ। बातचीत करे कि यीशु उन लोगो को कैसे प्रेम करता है जो जरूरतमन्दो से सेवा आनंद से करते है।

विश्वासी गवाही दे कि दुसरे विश्वासियो ने कैसे उनकी सेवा की।

विश्वासी एक छोटे पादरी की सेवा स्वीकार करता है तो आप और बड़े पादरी उस पर अपना हाथ रखे और उसके लिए प्रार्थना करें।

**प्रभु भोज के परिचय के लिए पढ़े** मरकुस 10:43-45 और याद करें।

**मरकुस अध्याय 10:45 याद करें।**

दो या तीन के छोटे समूह में प्रार्थना करे तथा एक दुसरे की गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करें।